# 3 CHAPTER

# The Verb

## [Transitive Verb and Intransitive Verb]

**VERB**—'Verb' का हिन्दी अनुवाद क्रिया है। इस शब्द से किसी कार्य का करना या होना पाया जाता है। (A Verb is a word used to tell something about a person or thing.)
It may tell us—

**1.** What a person or thing does; as
Ram **writes** a letter. She **reads** a book. The earth **moves**.
इन वाक्यों में writes, reads और moves क्रियायें (Verbs) हैं।

**2.** What is done to a person or thing; as
Ravan **was killed**. The table **is sold**. She **is punished**.
इन वाक्यों में was killed, is sold और is punished क्रियायें हैं, जो Passive Voice में हैं।

**3.** What a person or thing is; as
She **feels** sorry. The boys **are** innocent. The bottle **is broken**.
इन वाक्यों में feels, are तथा is broken क्रियायें हैं।

## Kinds of the Verb ( क्रिया के भेद )

Object (कर्म) के आधार पर क्रिया के दो भेद होते हैं—

**1. Transitive Verb** (सकर्मक क्रिया)—जिस क्रिया का कर्म होता है उसे Transitive Verb कहते हैं, जैसे—
Ram **reads** a book. Sita **cooks** food.
उपर्युक्त वाक्यों में reads तथा cooks दोनों Transitive Verb हैं क्योंकि reads का Object है book तथा cooks का Object है food. इस प्रकार Transitive Verb का प्रभाव अपने कर्ता पर ही समाप्त न होकर किसी अन्य व्यक्ति या वस्तु पर पड़ता है जिसका प्रयोग Object के रूप में रहता है।

> "A Transitive verb is a verb that denotes an action which passes over from the doer or subject to an object."

**पहचान**—Verb से क्या, किसे या किसको का प्रश्न करने पर उत्तर में Object प्राप्त होता है।

**2. Intransitive Verb** (अकर्मक क्रिया)—जिस क्रिया का कर्म नहीं होता उसे Intransitive Verb कहते हैं, जैसे—
Ram is **sleeping** there. The boy **runs**. She **laughs**.
उपर्युक्त वाक्यों में काले शब्द sleeping, runs तथा laughs Intransitive Verbs हैं।
**नोट**—कुछ सकर्मक क्रियाएँ ऐसी होती हैं, जिनके साथ दो कर्म (Objects) आते हैं; जैसे—
Rama gave Mohan a book. राम ने मोहन को एक पुस्तक दी।
**प्रश्न 1.** राम ने क्या दिया?
**उत्तर**— एक पुस्तक। अतः A book—Object है।
**प्रश्न 2.** राम ने किसको दिया?
**उत्तर**— मोहन को। अतः Mohan—Object है।

> **विशेष**—क्रिया से 'क्या' का प्रश्न करने पर उसके उत्तर में Direct Object तथा किसको का प्रश्न करने पर उसके उत्तर में Indirect Object आता है।

"An Intransitive verb is a verb that denotes an action which does not pass over to an object."

**नोट**—जब क्रिया के साथ दो Objects हों, तो व्यक्ति प्रकट करने वाले Object को Indirect Object कहते हैं और वस्तु प्रकट करने वाले Object को Direct Object कहते हैं।

**संकेत**—वाक्य में Indirect Object पहले आता है और Direct Object बाद में आता है।

**नोट**—अधिकांश क्रियाएँ Transitive व Intransitive दोनों में होती हैं। निम्नलिखित उदाहरणों को देखिए—

| | Transitive | Intransitive |
|---|---|---|
| 1. | I **packed** my luggage. | People **packed** in the hall. |
| 2. | He **lighted** the candle. | The fire **lighted**. |
| 3. | The cat **caught** a rat. | His kite **caught** in the tree. |
| 4. | **Dissolve** sugar in water. | Sugar **dissolves** in water. |
| 5. | The sun **melted** the snow. | The ice **melted**. |

**विशेष** — कुछ ऐसे Intransitive Verbs होते हैं जिनके भाव को पूरा करने के लिए Complement रखना पड़ता है। इन Verbs को Intransitive Verbs of Incomplete Predication या Linking Verb कहते हैं, जैसे—

He is a student.
You are a doctor.
The boy became happy.
She seems to be sad.

## Direct and Indirect Object

कुछ सकर्मक क्रियाओं के साथ दो कर्म आते हैं। निम्नलिखित उदाहरणों को पढ़ो—

1. I gave **him** a **pen**.
2. She told **us** a **story**.
3. Mr. Sharma taught **us Hindi**.
4. You did **me** a **great service**.
5. I asked **her** a **question**.
6. Did you sell **him** a **hen**?

Indirect Object उस व्यक्ति को प्रकट करता है जिसे कुछ दिया जाय या जिसके लिए कुछ किया जाय। Direct Object उस प्राणी या वस्तु को प्रकट करता है जो किसी को दी जाती है या जो कुछ किसी के लिए किया जाता है।

Sita bought **her sister** a *pen*. *(Indirect Object + Direct Object)*
Sita bought a *pen* for **her sister**. *(Direct Object + Indirect Object)*

## Transitive Verb with Object and Complement

कुछ सकर्मक क्रियाएँ ऐसी होती हैं जिनके साथ Object भी आता है और Complement भी। ऐसी क्रियाओं को Factitive Verbs कहते हैं; जैसे—

1. I called *him* a **thief**.
2. She found *her friend* **asleep**.
3. We made *Hari* **captain**.
4. The police set the *prisoner* **free**.

इन वाक्यों में *him, her, friend, Hari, the prisoner* का प्रयोग Object की तरह है और **thief, asleep, captain, free** का प्रयोग Complement की तरह है।

***Some more examples of Transitive Verbs with object and complement :***

1. The students made Ankit their captain.
2. The principal appointed him as peon.
3. She left her work incomplete.
4. I named my dog Moti.
5. Boys elected Prateek their leader.

| S.No. | Subject | Transitive Verb | Object | Complement |
|---|---|---|---|---|
| 1. | The students | made | Ankit | their captain. |
| 2. | The principal | appointed | him | as peon. |
| 3. | She | left | her work | incomplete. |
| 4. | I | named | my dog | Moti. |
| 5. | Boys | elected | Prateek | their leader. |

## Exercise–1

***Study the examples and pick out the Transitive and Intransitive Verbs in the following sentences :***

**Examples :**

- He wrote a letter.
  Transitive Verb — wrote.
  Object — a letter.
- She runs.
  Intransitive Verb — runs.

1. Dogs bark.
2. The police caught a thief.
3. I like playing.
4. She sings.
5. He laughs.
6. They go to school.
7. She loves me.
8. I told a story.
9. They helped him.
10. You gave me a book.

### Agreement : Subject and Verb
### S – S : P – P

वाक्य में Subject तथा Verb का मेल (Agreement) होना आवश्यक होता है।

> 'The Verb must agree with its subject in Number and Person.'—**Nesfield**

इसका अभिप्राय यह है कि Verb (क्रिया) का Number तथा Person वही होता है, जो वाक्य के Subject का होता है। अतः Singular Subject के साथ Singular Verb (S–S) तथा Plural Subject के साथ Plural Verb (P–P) का प्रयोग किया जाता है। Verb का अपना कोई अस्तित्त्व नहीं है।

S का अर्थ Singular तथा P का अर्थ Plural है। अतः Singular Subject के साथ Singular Verb तथा Plural Subject के साथ Plural Verb लगाया जाता है।

**Examples :**

**Radha** runs. **Mala** plays.
**Ram** sings. **He** writes.

उपर्युक्त वाक्यों में Radha, Mala, Ram तथा He जो Subject के स्थान पर प्रयोग किये गये हैं, Singular Number में हैं। अतः इनके साथ प्रयुक्त Verbs—runs, plays, sings और writes सभी Singular में हैं।

> **विशेष** — सभी मुख्य क्रियाएँ (Verbs) मूल रूप में Plural होती हैं। उन्हें Singular बनाने के लिए उनके अन्त में s या es लगाया जाता है। अतः runs, plays, sings and writes में s उन्हें Singular बनाने के लिए लगाया गया है।

Plural Subject का उदाहरण देखिए—

**Boys** run.
**Girls** play.
**Children** sing.
**They** write.

इन वाक्यों में Subject के स्थान पर प्रयोग किये गये शब्द (Boys, Girls, Children, They) Plural Number में हैं। अतः इनके साथ प्रयुक्त Verbs (run, play, sing तथा write) Plural में है अर्थात् P–P का नियम लागू हुआ है।

> **विशेष** — यहाँ ध्यान दीजिए Noun में s या es लगाने से शब्द Plural Number (बहुवचन) में हो जाता है जबकि क्रिया में s या es लगा देने पर वह Singular Number (एकवचन) में हो जाती है।

- **Singular**—Plural Nouns के कुछ उदाहरण देखिए—

| Singular | Plural |
|---|---|
| boy | boys |
| girl | girls |
| child | children |
| book | books |
| tree | trees |
| man | men |
| woman | women |

- **Singular**—Plural Verbs के कुछ उदाहरण देखिए—

| Plural | Singular |
|---|---|
| run | runs |
| play | plays |
| sing | sings |
| read | reads |
| go | goes |
| learn | learns |

अतः इस नियम को सदैव ध्यान में रखें—

- Noun + s या es = Plural
- Verb + s या es = Singular

## || Exercise–2 ||

S–S तथा P–P के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए—
***(Correct the following sentences)***

1. The sun rise in the east.
2. Mohan go to school.
3. Teachers teaches in the class.
4. Children runs in the field.
5. She write a letter.
6. You reads a book.
7. They plays daily.
8. Boys comes.
9. We drinks milk.
10. These flowers is red.

## || Exercise–3 ||

***Fill in the blanks with suitable Verb given in the brackets in the following sentences :***

1. Children always ..................................................... . *(play, plays)*
2. They ............................................ not go to school. *(do, does)*
3. We ...................................................... playing now. *(is, are)*
4. He ............................................................... a song. *(sings, sing)*
5. Mohan ................................................ on the road. *(run, runs)*
6. These books ............................................... to me. *(belong, belongs)*
7. How many boys ......................................... there? *(was, were)*
8. His books ................................................... stolen. *(are, is)*
9. These girls .................................................. pretty. *(is, are)*
10. He ........................................................ his work. *(do, does)*

## Position of Object and Complement

❐ **नियम # 1**

**Transitive Verb + Object**

सामान्यतया Transitive Verb के बाद ही Object लिखा जाता है।

**Examples :**
- She drinks **milk**.
- You eat **rice**.

इन वाक्यों में milk शब्द drinks क्रिया का तथा rice शब्द eat क्रिया का Object है।

यदि वाक्यों में Article तथा Adjective का भी प्रयोग हुआ है, तो उसका क्रम इस प्रकार होगा—

**Transitive Verb + Article + Adjective + Object**

जैसे—He bought a costly pen.

### ❐ नियम # 2

कुछ Transitive Verb के साथ दो-दो Object आते हैं। उनमें से एक को Direct Object तथा दूसरे को Indirect Object कहा जाता है। ऐसे वाक्यों को Direct Transitive भी कहते हैं। इस प्रकार के वाक्य की बनावट निम्न प्रकार होती है—

| **Subject + Verb + Indirect Object + Direct Object** |
|---|

1. He bought him a cycle.
2. I gave you a book.

इन वाक्यों में him और you दोनों Indirect Object हैं जबकि a cycle तथा a book Direct Object हैं। इन वाक्यों को इस प्रकार भी लिखा जा सकता है—

| **Subject + Verb + Direct Object + to/for + Indirect Object** |
|---|

जैसे—

1. He bought a cycle for him.
2. I gave a book to you.

**विशेष**—यदि Direct Object पहले आता है तो Indirect Object 'to' या 'for' का प्रयोग करते हुए प्रयोग किया जाता है। यह आवश्यक नहीं कि Direct Object सदा निर्जीव हो और Indirect Object सदा सजीव हो। उदाहरणार्थ—

1. He gave **the country** a new policy.
2. He gave **the house** a new look.

प्रथम वाक्य में country तथा दूसरे वाक्य में house निर्जीव हैं फिर भी Indirect Object हैं क्योंकि इनके साथ to या for का प्रयोग हो सकता है, जैसे—

1. He gave a new policy **to the country**.
2. He gave new look **for the house**.

Transitive Verb निम्नलिखित रूप से प्रयोग में आता है—

1. जब Verb का एक ही Object (Noun) हो, जैसे—
   She wrote **a letter**.
2. जब Verb के दो Objects हों, जैसे—
   He gave me **a book**.

| me – Indirect object<br>book – Direct object |
|---|

   या
   He gave **a book for me**.
3. जब Verb का एक Object तथा दूसरा Complement हो, जैसे—
   I called him **a thief**.
   We made Hari **captain**.
   इन वाक्यों में thief और captain दोनों Complement हैं और him तथा Hari दोनों Object हैं।

4. जब Verb का Object एक Infinitive हो, जैसे—
He desires **to invite** me. *(To invite यहाँ Infinitive है)*
5. जब Verb का Object एक Gerund हो, जैसे—
I like **swimming**. *(swimming यहाँ Gerund है)*
6. जब Verb का Object कोई Phrase हो, जैसे—
You do not know **how to answer this question**.
How to answer this question इस वाक्य में Phrase है।
7. जब क्रिया का Object कोई Clause हो, जैसे—
She does not know **where I live**.
इस वाक्य में where I live – एक Clause है।

## || Exercise–4 ||

***Study the examples given below and pick out the Direct and Indirect Objects in the following sentences :***

**Examples :**
- He offered me a book.
  Indirect Object – me
  Direct Object – a book
- He called a rickshaw for her.
  Direct Object – a rickshaw
  Indirect Object – her

1. My friend gave me a present.
2. She sent me a watch.
3. The teacher taught us English.
4. She told me a story.
5. They wrote some books for us.
6. I bought a new coat for my son.
7. We have sent a telegram to her.
8. She cooked us a nice dinner.
9. He gave me no reply.
10. The principal granted leave to the teacher.

## || Exercise–5 ||

***Study the examples given below and rewrite the following sentences after changing the order of Objects :***

**Examples :**
- He offered me a seat.
  **Ans. :** He offered a seat to me.
- She wrote a him a letter.
  **Ans. :** She wrote a letter to him.

1. He gave me a pen.
2. Your uncle sent a radio set to me.

3. I wrote a letter to her.
4. She bought a watch for me.
5. He teaches us English.
6. The cow gives us milk.
7. He asked me a question.
8. My father bought a cycle for me.
9. I sold him two cows.
10. His father left him a big house.

## Linking Verb

निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए—

1. Hari is a good **boy**.
2. You are **students**.
3. I am a **teacher**.
4. Rana Pratap was **brave**.

इन वाक्यों में *is, am, are, was* को Linking Verbs (संयोजक क्रियाएँ) कहेंगे। इनके साथ वाक्य के अर्थ को पूरा करने के लिए Complements आते हैं।

उपर्युक्त उदाहरणों में **boy, teacher, students, brave** पूरक (Complements) हैं।

पहले वाक्य में Hari और boy को is क्रिया द्वारा जोड़ा गया है।

दूसरे वाक्य में I और teacher को am क्रिया द्वारा जोड़ा गया है।

तीसरे वाक्य में you और students को are क्रिया द्वारा जोड़ा गया है।

चौथे वाक्य में Rana Pratap और brave को was क्रिया द्वारा जोड़ा गया है।

*कुछ अन्य उदाहरण भी देखिए—*

1. You look tired.
2. He seems to be an intelligent boy.
3. She appears to be a nurse.
4. You appear (to be) sad.
5. He became a doctor.
6. Man remained a hunter for ages.

उपर्युक्त वाक्यों में दी गयी क्रियाएँ Be (is, am, are, was, were) become, remain, look, seem, appear अपना भाव स्पष्ट करने में समर्थ नहीं हैं। इनके लिए पूरक (Complements) की आवश्यकता पड़ती है। Complements—Noun, Adjective, Adverb या Past participle हो सकते हैं। Verb के बाद आये इन Complements को Subject complements कहते हैं।

***Examples*** :—

1. He is a doctor. *(Noun Complement)*
2. You are happy. *(Adjective Complement)*
3. She is there. *(Adverb Complement)*
4. I am tired. *(Past Participle)*

Linking Verbs को Verbs of Incomplete Predication भी कहते हैं।

***Some more examples :***

1. He **became** interested in music. *(Participle)*
2. You **look** happy. *(Adjective)*
3. She **appears** to be sad. *(Adjective)*
4. He **became** a teacher. *(Noun)*
5. She **looks** (to be) a cruel hearted lady. *(Noun phrase)*
6. He **remained** a farmer. *(Noun)*

## || Exercise–6 ||

***Fill in the blanks with suitable 'Linking Verb' in the following sentences :***

1. She .................................................. a gentle lady.
2. Hari ............................................................ there.
3. We ............................................................... here.
4. They ......................................................... happy.
5. I ...................................................................... sad.
6. Mohan .................................................. a teacher.
7. He ................................................. to be a doctor.
8. You ........................................................... happy.

❑❑❑